तेजी से चल रहा आरे मेट्रो कारशेड में ट्रैक का काम

सीप्ज़ से बीकेसी के बीच मेट्रो 3 का पहला चरण 85% पूरा

■ **वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई:** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएसआरसी) ने आरे में कारशेड निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का लक्ष्य रखा है। कारशेड का निर्माण कार्य लगभग 53.8 फीसदी पूरा हो गया है। निर्धारित समय में मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए एमएमआरसी ने पहले चरण में मेट्रो मार्ग और स्टेशन वर्क समेत लगभग 85.2 फीसदी कार्य पूरा करने की जानकारी दी है। इस कारशेड में ट्रैक बिछाने और उपकरणों को लगाने सहित कई आवश्यक इंतजाम भी उपलब्ध कराने में प्रशासन जुटा हुआ है। बता दें कि राज्य सरकार ने दिसंबर 2023 से सीप्ज और बीकेसी के बीच मेट्रो सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है।

सरकार बदलने के साथ कारशेड का काम तेजी से: कारशेड निर्माण पर रोक लगने की वजह से पिछले ढाई साल तक आरे में निर्माण कार्य ठप पड़ा था। राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद वर्ष 2022 से कारशेड का काम फिर से शुरू हुआ है। हालांकि इस वर्ष के अंत तक पूरे कारशेड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए एमएमआरसीएल ने सीप्ज़ से बीकेसी के बीच 9 रेक के साथ मेट्रो सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। मेट्रो के 9 रेक के रखरखाव और संचालन के लिए कारशेड में स्टेबलिंग लाइन व अन्य व्यवस्था करने का काम अप्रैल 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। मौजूदा समय में कारशेड में ट्रैक बिछाने और उपकरण लगाने का काम तेजी से चल रहा है। मेट्रो के पहले चरण के रूट पर अब तक करीब दो हजार किमी. तक मेट्रो का ट्रायल रन किया गया है। इस दौरान मेट्रो मार्ग पर 10 हजार किमी. तक ट्रेन को दौड़ाया जाता है और सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है।

जून 2024 से पूरे रूट पर दौड़ेगी मेट्रो | दिसंबर 2023 से फेस 1 पर दौड़ेगी मेट्रो

टनलिंग वर्क
100%

स्टेशन सिविल वर्क
88.7%

सिविल वर्क
91.3%

ओवरऑल सिस्टम वर्क
47.5%

ट्रैक
55.6%

File Pic

25 हेक्टर में बन रहा कारशेड

मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो के ट्रेन के रखरखाव के लिए आरे में 25 हेक्टर क्षेत्र पर कारशेड का निर्माण हो रहा है। इस कारशेड में 42 मेट्रो गाड़ियों का आसानी से रखरखाव किया जा सकेगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत मेट्रो-3 के रेक का निर्माण आंध्रप्रदेश में हो रहा है। देश में बने मेट्रो-3 के आठ डिब्बों के रेक अधिकतम 95 किमी. की स्पीड हासिल करने में सक्षम हैं। एमएमआरसी ने शुरुआती चरण में मेट्रो को 85 किमी. प्रति घंटे के हिसाब से चलाने का निर्णय लिया है।

80 फीसदी मेट्रो तैयार

कफ परेड से सीप्ज़ के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण भी प्रगति पथ पर है। इस पूरे रूट पर 79.8 फीसदी काम

पूरा कर लिया गया है। पहले चरण में 85.2 प्रतिशत और दूसरे चरण में 76 प्रतिशत तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सीप्ज़ से बीकेसी में जल्द ही मेट्रो शुरू हो जाएगी, जबकि जून 2024 से पूरे रूट पर मेट्रो सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।